न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा

आज्ञा – पत्र

उनवान दाउद खां बनाम हबीब खां अपील संख्या 2023/67 धारा – 223

अभिभाषक अपीलांट –श्री सईद अहमद खां अभिभाषक रेस्पोडेंट – श्री जावेद इकबाल अंसारी

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर या तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22–04–2024	पत्रावली अभिभाषक अपीलांट द्वारा आदेश 22 नियम 3 व 9 सीपीसी तथा धारा 5 मियाद अधिनियम का प्रार्थना पत्र तथा आदेश 22 नियम 3 सीपीसी बाबत अपील अबेट किये जाने पर आदेश हेतु पेश हुई। अभिभाषकगण उभयपक्ष की बहस पर मनन किया। प्रस्तुत अपील व अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली का अवलोकन किया गया। अबेट प्रार्थना में वर्णित तथ्यों के अनुसार अपीलांट दाउद खां आत्मज प्यार जी का देहांत वर्ष 2018 में हो चुका है। इस तथ्य का का खण्डन अभिभाषक अपीलांट द्वारा नहीं किया गया है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 15–02–2023 के विरूद्ध इस न्यायालय में दिनांक 26–06–2023 को अपीलांट द्वारा जरिये अभिभाषक अपील पेश की गयी। अपील में सलंग्न वकालतनामे पर स्वयं अपीलांट दाउद खां के हस्ताक्षर अंकित है। **जबकि अपीलांट दाउद खां आत्मज प्यार जी का देहांत वर्ष 2018 में हो चुका है। अतः उक्त अपील 6 वर्ष पूर्व मृत पक्षकार द्वारा कैसे पेश की जा सकती है ?** मृत पक्षकार द्वारा अपील पेश करना न्याय के सर्वमान्य सिद्धांतों के विपरीत होने से निरस्तनीय है। अतः अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत आदेश 22 नियम 3 व 9 सीपीसी तथा धारा 5 मियाद अधिनियम का प्रार्थना पत्र खारिज किया जाना हम उचित समझते है तथा अभिभाषक रेस्पोडेंट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 22 नियम 3 सीपीसी बाबत अपील अबेट किये जाने बाबत न्यायहित में स्वीकार किया जाता है। अपील इसी स्तर पर स्वतः ही अबेट होने से खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। (हस्ताक्षर) (ममता कुमारी तिवारी) भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा	

Presented by.
Advocate Sayeed Ahmadji

न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवम पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी

Reader
Examine & Report
12/4/2023

कोटा –

दाऊद खां आत्मज प्यार जी आयु 97 वर्ष जाति पिंजारा निवासी ग्राम भालता तहसील अकलेरा जिला झालावाड – अपीलान्ट

बनाम

1–हबीब खां आत्मज श्री कादरखां जी जाति पिंजारा निवासी भालता हाल निवासी बकानी तह0 झालरापाटन

2– रईस आत्मज श्री कादरखां जी जाति पिंजारा नि0 भालता हाल निवासी बकानी तह0 झालरापाटन

3–शेर मोहम्मद आत्मज श्री कादर खां जाति पिंजारा निवासी ग्राम भालता हाल निवासी बकानी तहसील झालरापाटन

4–अल्लारखी पुत्री कादरखां पत्नि अल्लाबख्श जाति पिंजारा निवासी परोलिया तहसील जीरापुर जिला राजगढ मध्य प्रदेश

5– अब्दुल रहमान आत्मज फकीर मोहम्मद जाति पिंजारा निवासी बाजार न0 4 नाजफोटो स्टूडियो के पास रामगंजमंडी जिला कोटा राज0

6– अब्बास आत्मज ईदा जी जाति पिंजारा निवासी सुकेत लंका तलाई के पास तहसील रामगंजमंडी जिला कोटा

7– राजस्थान सरकार जरये तहसीलदार अकलेरा जिला झालावाड

रेस्पो0